# भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510








संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, बुधवार 16 अप्रैल 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मो. 9993268143


## चाचा ने भतीजे के सिर पर दे मारी कुल्हाड़ी जख्मी गंभीर नर्मदा ट्रामा सेंटर अस्पताल में भर्ती



आशीष गोस्वामी /सिवनी मालवा/ ग्राम अमलाड़ा डोंगर में एक व्यक्ति ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर अपने भाई व भतीजों पर कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला कर दिया जिससे एक भतीजे की जान पर बन आई है। उसके सिर में कुल्हाड़ी की चोट लगने से आधा शरीर लकवाग्रस्त हो गया है। घायलों का भोपाल के नर्मदा ट्रामा सेंटर अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार ग्राम अमलाड़ा डोंगर में कृषक कैलाश यदुवंशी अपने परिवार के साथ रहता है उसका अपने भाई केदार यदुवंशी से जमीनी विवाद चल रहा है जिसको लेकर दो दिन पहले केदार ने अपने दो पुत्र संतोष व विनोद के साथ मिलकर अपने भाई कैलाश के घर पर हमला बोल दिया आरोपी कुल्हाड़ी व दराते लिए हुए थे उन्होंने कैलाश के बड़े बेटे प्रमोद के सिर में बीचो बीच कुल्हाड़ी से वार कर दिया जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया उसके सिर से खून की धार लग गई थी। बेटे को बचाने के लिये कैलाश व उसका छोटा बेटा प्रवीण आया तो आरोपियों ने उनको भी नहीं बख्शा और उन पर ताबड़ तोड़ धारदार हथियारों से वार कर दिया जिससे तीनों लहु लुहान हो गये इन घायलों को कैलाश के साले का लड़का राजकुमार यदुवंशी फौरन कार से लेकर सीधे नर्मदापूरम अस्पताल पहुंचा जहां से उन्हें भोपाल में नर्मदा ट्रामा सेंटर में रिफर कर दिया, अस्पताल में प्रमोद यदुवंशी की हालत नाजुक बनी हुई है। नर्मदा ट्रामा सेंटर के पी.आर.ओ. अनूप शर्मा ने बताया कि घायलों को बचाने के पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। इधर पुलिस ने देहाती नालसी के आधार पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा रजिस्टर कर लिया है।


## श्रीमद् भागवत कथा का आज कथा के तीसरे दिन



**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन रिछारिया परिवार द्वारा किया जा रहा है एन के रिछारिया ने बताया कि आज कथा के तीसरे दिन सती चरित्र ध्रुव चरित और समुद्र मंथन की कथा सुनी गई झरनेश्वर मंदिर जवाहर चौक पर श्री रूपेश श्याम जी महाराज काशी के मुखारविंद से अयोजित की जा रही है श्री देवी रिछारिया और सारा रिछारिया परिवार साथ में सभी मित्र मंडली के साथ कथा का श्रवण कर रहे हैं
कथा 13 अप्रैल 2025 से 20 अप्रैल तक चलेगी भंडारा 19 अप्रैल को किया जाएगा सभी रिछारिया परिवार व्यवस्था को संभाल रहे हैं भागीरथ रिछारिया विनोद रिछारिया. कौशल किशोर रिछारिया प्रमोद रिछारिया प्रवीण रिछारिया बृज किशोर रिछारिया प्रकाश रिछारिया अनिल रिछारिया राजीव रिछारिया अंबिका शरण रिछारिया आदि

## भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान का 38वां स्थापना दिवस




**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल हेडलाइन भाकृअनुप-भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान (आईआईएसएस), भोपाल 16 अप्रैल, 2025 को अपना 38वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस अवसर पर, डॉ. ए.के. नायक, उप महानिदेशक (प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली, कृषि मंत्रालय, भारत सरकार समारोह के मुख्य अतिथि रहेंगे। डॉ. एस. के. शर्मा (प्रोफेसर और प्रमुख, माईन इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट, आईआईटी, बीएचयू, वाराणसी) गेस्ट ऑफ़ हॉनर होंगे और प्रथम डॉ. एन.एस. रंधावा आईआईएलएस स्थापना दिवस व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर, डॉ. मनोरंजन मोहंती, निदेशक, भाकृअनुप-आईआईएसएस संस्थान की उपलब्धियों और भविष्य के प्रमुख क्षेत्रों के साथ-साथ अनुसंधान और विकास गतिविधियों की जानकारी देंगे। संस्थान के पूर्व निदेशक भी इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे। संस्थान प्रगतिशील किसानों और संस्थान के कर्मचारियों को उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों के लिए सम्मानित करेगा। गणमान्य व्यक्ति किसानों के लाभ के लिए प्रकाशन भी जारी करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व कर्मचारियों, वैज्ञानिकों, छात्रों, किसानों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी आमंत्रित किया गया है।

## विधायक सुरेंद्र पटवा ने किया डॉ.बाबासाहेब की आदम कद प्रतिमा का अनावरण

औबेदुल्लागंज,बजरंग तवर की खबर , 14 अप्रैल बाबा साहब की जयंती पर नगर परिषद द्वारा भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम में मुख्यअतिथि सुरेंद्र पटवा विधायक भोजपुर, नागपुर से आए डॉ चंद्रबोधि पाटिल राष्ट्रीय अध्यक्ष बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया, डॉ मोहनलाल पाटिल चेयरमैन बुद्धिस्ट सोसायटी मध्य प्रदेश, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सोनू चौकसे, द्वारा किया गया इस मौके पर जिला महामंत्री रविंद्र विजयवर्गीय, मंडल अध्यक्ष डॉ भूपेंद्र नागर ,सोनू चौकसे पूर्व मंडल अध्यक्ष, नपं उपाध्यक्ष नमीता वागीश अग्रवाल , ओ पी गोदिया अध्यक्ष वाल्मीकि महासभा, सना आमिर ममनून, शंकर लाल ईरपाचे,सुजीत यादव, एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव एसडीओपी शीला सुराणा, सीएमओ राजकुमार शर्मा,उप यंत्री मुकेश जैन जनप्रतिनिधि ,पत्रकार गण एवं नगर के गणमान्य उपस्थित रहे।






अंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसायटी द्वारा अतिथि सम्मान समारोह इस मौके पर अंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसायटी द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया संस्था के अध्यक्ष सुनील सेरिया अनिल झागरे, सुनील वाल्मीकि,सौरभ मालवीय, मुकेश जाटव, भूपेंद्र मेहरा,रमेश कुमार, संजय झारिया, ब्रजेश बामनिया,जीवन निनोरिया, अमृत लाल सूर्यवंशी, उपेंद्र मालवीय,संजय प्रजापति र शांतिलाल परोलिया अनूप चौधरी, रूपसिग् बामनिया सुरजीत सिह बिले आदि ने अतिथियों का सम्मान।

## नवागत कलेक्टर श्री जैन ने पदभार ग्रहण किया




**भोपाल हैडलाइन सिराली संवाददाता संजय योगी**

हरदा 15 अप्रैल 2025/ नवागत कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को हरदा कलेक्ट्रेट में पदभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2016 बैच के अधिकारी श्री जैन इससे पूर्व अपर कलेक्टर भोपाल के पद पर पदस्थ थे। पदभार ग्रहण अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव चौकसे, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर श्री सतीश राय एवं सुश्री रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा श्री कुमार शानु देवड़िया व टिमरनी एसडीएम श्री महेश बड़ोले ने नवागत कलेक्टर श्री जैन का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

## जनता दरबारः विधायक अभिजीत शाह सुनते हैं जनता की समस्याएं

**भोपाल हैडलाइन सिराली संवाददाता जिला ब्यूरो संजय योगी**

खुदिया/विधायक अभिजीत शाह अपने निवास स्थान पर नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन करते हैं, जिसमें क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना जाता है और उनके समाधान के लिए त्वरित कदम उठाए जाते हैं। यह जनता दरबार प्रतिदिन सुबह 10ः00 बजे से 11ः00 बजे तक आयोजित किया जाता है। इस पहल के तहत, आम नागरिक अपनी शिकायतें, जैसे बुनियादी सुविधाओं की कमी, सड़क, बिजली, पानी, या अन्य प्रशासनिक मुद्दों को विधायक के समक्ष रख सकते हैं। अभिजीत शाह का यह प्रयास जनता और प्रशासन के बीच एक सेतु का काम करता है, जिससे लोगों की समस्याओं का निवारण तेजी से हो सके। जनता दरबार में संबंधित अधिकारियों को भी बुलाया जाता है ताकि शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।यह आयोजन न केवल जनता की आवाज को सुनने का मंच प्रदान करता है, बल्कि क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए विधायक की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।




## वर्धमान ग्रीन पार्क मे हिंदु मुस्लिम सब ने मिलकर मनाया ईद मिलन समारोह, गंगा जमनी तहजीब, 'मोहब्बात' का दिया पैगाम

**संतोष योगी की खबर 9993268143**




भोपाल। अशोका गार्डन वर्धमान ग्रीन पार्क कालोन मे 15वें ईद मिलन, वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह के मोके पर भारतीय हॉकी के विख्यात खिलाड़ी और पूर्व सांसद श्री असलम शेर खान ने कहा कि ÷सौहार्द देश की विशेषता है और परंपरा भी है यह मिटने वाला नहीं÷, विभिन्न समुदायों के बीच सौहार्द हमेशा से रहा है। आपसी सौहार्द और विश्वास की अहमियत पर जोर देते हुए श्री शेर खान ने कहा कि भारत हमेशा ही प्रेम और समन्वय से चला है और इसका भविष्य भी इसी में है। श्री अनिल कुमार गौंड, अतिरिक्त निदेशक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्य प्रदेश, भोपाल ने युवा पीढ़ी को एकलव्य का उदाहरण दे कर प्रेरित किया। एकलव्य ने अपने अंगूठे का दान देने के बाद भी अपनी दोनों उंगलियों से तीर को थामने और चलाने की विधि का सृजन किया जिसे आज संपूर्ण विश्व में मान्यता प्राप्त है। पूर्वजों के ऐसे पर्यास नवजवानों को सफलता दिलाने के प्रेरक हैं। दार-उस-सकलैन फाउंडेशन, भोपाल के मौलाना हाफिज मुबीन सकलैनी ने कहा ईद मोहब्बात का तेहवार है ओर आयोजन समिति की इस कोशिश को सराहा जिसमें वर्धमान ग्रीन पार्क के रहवासियों को प्रशंसनीय कार्यों पर उन्हें प्रतिभा सम्मान से नवाज़ गया। इस के अतिरिक्त अनेक खेलों की प्रतियोगिताओं का संचालन कर व्ययक्तित्व विकास की सराहनीय कोशिश की जा रही है। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ एस ए आर हाशमी ने ईद मिलन की रूप रेखा और इतिहास को बताया कि यह प्रोग्राम सन 2009 से आयोजित हो रहा है । डॉ हाशमी ने एक कहानी के माध्यम से सामाजिक संतुलन कायम रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद राजा ने किया और समिति के अन्य सदस्य मोहम्मद इरफान, मोहम्मद आरिफ़, अनवर आली मोहम्मद शफ़ी, शमीम अहमद नेप्रतियोगिताओं का संचालन किया ।
श्री अनिल कुमार गौंड, अतिरिक्त निदेशक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, मध्य प्रदेश, भोपाल को राज्य के प्रति उनकी ईमानदार और समर्पित सेवा के सम्मान में सम्मान पट्टिका प्रदान की गई। श्री ओ.पी. द्विवेदी को नौकरशाहों और प्रशासनिक कर्मियों की शिक्षा और प्रशिक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रेरक, प्रशिक्षण विशेषज्ञ और जीवन कौशल प्रशिक्षक के रूप में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान पट्टिका प्रदान की गई। ईद मिलन के मुख्य कार्यक्रम में भारतीय हॉकी के खिलाड़ी श्री असलम शेर खान को एक खिलाड़ी, प्रेरक, प्रभावक, प्रशिक्षण विशेषज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मान पट्टिका से सम्मानित किया। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और धर्मार्थ कार्यों में उनके योगदान के माध्यम से वंचितों के उत्थान के लिए उनके समर्पित प्रयासों के सम्मान में, दार-उस-सकलैन फाउंडेशन, भोपाल के मौलाना हाफिज मुबीन सकलैनी को सम्मान पट्टिका प्रदान की गई।
ईद मिलन समारोह 2025 के अंतर्गत होने वाली क्रिकेट, बैड्मिन्टन, निबन्ध, ड्रॉइंग एण्ड पेंटिंग प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त खेलकूद की 22 अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जो लगभग एक सप्ताह में पूरा हुआ और कालोनी के निवासियों ने हर्ष-व-उल्लास के साथ भाग लिया । इस के साथ ही 17 लोगों को उनके उल्लेखनीय सामाजिक एजुकेशनल एवं अन्य सफलताओं के लिय प्रशास्ति पत्र ÷स्टार परफॉरमेंस अवॉर्ड÷ दिया गया। गत एक वर्ष में हज करने वाले ग्रीन पार्क के नौ निवासियों को शॉल दे कर सम्मानित किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को मुख्य अतिथियों तथा विशिष्ठ नागरिकों द्वारा मेडल, कप, शील्ड एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए ।

## अन्त्योदय और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर से ही प्रेरित विचार है-निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी

**संतोष योगी की खबर 9993268143**



भोपाल हेडलाइन भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर की जयन्ती के उपलक्ष्य में निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ ÷मेरा संविधान-मेरा गौरव÷ कार्यक्रम निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी ने कहा है कि संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उसके जीवन स्तर में सुधार लाने के दृष्टिगत अंत्योदय और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के विचार से ही प्रेरित होकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने अंत्योदय का नारा दिया और हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी अन्त्योदय की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ भारत के सभी नागरिकों को समान रूप से विकास के अवसर प्रदान करने के कार्य कर रहे हैं। श्री सूर्यवंशी ने यह विचार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के उपलक्ष्य में राजधानी के सरोजनी नायडू स्वशासी स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में ÷मेरा संविधान मेरा गौरव÷ विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में व्यक्त किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती दीप्ति श्रीवास्तव के अलावा श्री विश्वास चौहान, सुश्री बबली शर्मा, श्री प्रमोद चतुर्वेदी, श्री अशोक नेमा सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के प्राध्यापक, छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी ने डॉ. अम्बेडकर के व्यक्तित्व, कृतत्व तथा भारत के संविधान के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर की सामाजिक समरसता की सोच एवं समतामूलक सशक्त भारत के निर्माण के व्यापक दृष्टिकोण के कारण ही आज हम दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्र हैं और आज दुनिया के बड़े-बड़े देश रेड कारपेट बिछाकर हमारे नेताओं की प्रतीक्षा करते हैं। श्री सूर्यवंशी ने भारत के युवाओं की प्रतिभा और जागरूकता को देश की असली शक्ति बताते हुए आव्हान किया कि हमें बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की तरह ही उद्धम, साहस, विद्या, धैर्य, शक्ति एवं पराक्रम के गुणों का आत्मसात करना है क्योंकि यह कहावत है कि उक्त छह गुण जिसमें होते है स्वयं ईश्वर भी उनका सहयोग करते हैं। श्री सूर्यवंशी ने कहा कि हमें बाबा साहेब के सिद्धांतों पर चलकर अपने देश को मजबूत बनाना है। इससे पहले निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी ने बाबा साहेब अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहब डॉ. अंबेडकर एवं भारत के संविधान पर अपने विचार व्यक्त किए।